भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(युवा कार्यक्रम विभाग)
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या †2368
उत्तर देने की तारीख 15 दिसंबर, 2025
24 अग्रहायण, 1947 (शक)

माई भारत पंजीकरण

†2368. श्री राहुल सिंह लोधी:
श्री देवसिंह चौहान:
श्री बाबू सिंह कुशवाहाः
श्री मुकेश राजपूतः

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) माननीय प्रधानमंत्री द्वारा 31 अक्तूबर, 2023 को आरंभ किए जाने के बाद से 'मेरा युवा भारत' प्लेटफॉर्म किस प्रकार विकसित हुआ है;

(ख) दो करोड़ से अधिक युवाओं के पंजीकरण के पश्चात् प्राप्त प्रमुख उपलब्धियां क्या हैं;

(ग) 'मेरा युवा भारत' मंच ने युवाओं, शासन और जमीनी स्तर पर भागीदारी जुड़ाव के बीच के संबंधों को किस प्रकार सुदृढ़ किया है;

(घ) ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं;

(ङ) वह तरीका क्या है जिससे यह किस प्रकार सुनिश्चित किया जा रहा है कि ऑनलाइन पंजीकरण को "फिजिटल" मॉडल से वास्तविक जमीन धरातल पर उतारा जा सके;

(च) विश्वविद्यालयों, गैर-सरकारी संगठनों तथा कॉर्पोरेट संस्थाओं सहित संस्थागत साझेदारी बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा क्या उपाय किए जा रहे हैं; और

(छ) भागीदारी जुड़ाव बढ़ाने में क्विज़ और निबंध जैसे नए परस्पर संवाद मॉड्यूल की भूमिका क्या है?

उत्तर
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) दिनांक 31 अक्टूबर 2023 को राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर कर्तव्य पथ, नई दिल्ली से मेरा युवा भारत लॉन्च किया गया था । इसे विभिन्न युवा विकास कार्यकलापों को होस्ट करने के

लिए एक वास्तविक + डिजिटल मंच के रूप में डिजाइन किया गया है। यह मंच युवाओं को उनके प्रोफ़ाइल बनाने, विभिन्न स्वयंसेवा और लर्निंग कार्यकलापों में भाग लेने, अन्य युवाओं के साथ जुड़ने आदि की सुविधा प्रदान करता है। इस मंच पर कई स्वयंसेवा से जुड़े कार्यक्रम और एक्सपीरिएंशियल लर्निंग कार्यक्रम (ईएलपी) होस्ट किए जाते हैं। यह मंच अन्य मंत्रालयों, विभागों, संगठनों, उद्योगों, युवा क्लबों आदि को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने के लिए वेब स्पेस प्रदान करता है। नवंबर 2025 तक 2.05 करोड़ से अधिक युवाओं ने इस मंच पर पंजीकरण किया है।

माई भारत 2.0, जिसमें एआई टूल्स, स्मार्ट सीवी बिल्डर, मेंटरशिप और एक्सपीरिएंशियल लर्निंग मॉड्यूल शामिल हैं, के विकास के लिए डिजिटल इंडिया कॉरपोरेशन के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया गया है । 1 अक्टूबर 2025 को माई भारत मोबाइल ऐप लॉन्च किया गया है, जिसमें एआई चैटबोट्स, बहुभाषी सहायता, वॉइस-असिस्टेड नेविगेशन और स्मार्ट सीवी बिल्डर उपलब्ध हैं। इस मंच पर 50,000+ से अधिक साझेदार शामिल हो चुके है, जिनमें मंत्रालय, राज्य विभाग, शहरी स्थानीय निकाय (यूएलबी), समुदाय आधारित संगठन (सीबीओ) और युवा क्लब शामिल हैं, यह आपदा मित्र और नागरिक रक्षा स्वयंसेवकों के माध्यम से आपदा प्रतिक्रिया प्रशिक्षण में सहायता करता है, इसे हर घर तिरंगा, मेरी लाइफ और एनसीएस जैसे मंचों के साथ एकीकृत किया गया है और यह कई भाषाओं में उपलब्ध है। इस मंच ने विदेश में निवास कर रहे भारतीय प्रवासी युवाओं के पंजीकरण को भी सक्षम बनाया है।

(ख) अक्टूबर 2025 के अंत तक दो करोड़ पंजीकरण होने के पश्चात, अब यह मंच अपने नेटवर्क के प्रभाव को बढ़ा रहा है। 1.31 लाख से अधिक स्वयंसेवा के अवसर सृजित किए गए हैं और 16,000 से अधिक युवा क्लब और 10,000 से अधिक शैक्षिक संस्थान इस नेटवर्क का हिस्सा बन गए हैं। सहभागिता का अवसर देने वाले विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए जैसे कि विकसित भारत रन, जिसमें 92 देशों में 150 रन आयोजित किए गए, नेशनल फ्लैग क्विज़, जिसमें 1 लाख से अधिक सहभागिता हुई और 20 विजेताओं को सियाचिन बेस कैंप की यात्रा, नशा मुक्त युवा जिसमें 2000 स्थानों पर 1.5 लाख युवाओं ने भाग लिया और सरदार@150 संबंधी कार्यकलाप के लिए चुना गया । विकसित भारत युवा नेता संवाद (वीबीवाईएलडी) 2026 के तहत, जिला और राज्य स्तर के कार्यकलाप आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें भाषण, कहानी लेखन, चित्रकारी, लोक कला और नवाचार प्रदर्शनियाँ शामिल हैं। डिज़ाइन फॉर भारत और हैक फॉर सोशल कॉज़ जैसी नवाचार प्रतियोगिताएँ राज्य-स्तरीय राउंड से राष्ट्रीय मार्गदर्शन और अंतिम शोकेस की ओर बढ़ रही हैं। संविधान दिवस, ऑडिट दिवस, आयुर्वेद, राष्ट्रीय खेल दिवस, सरदार@150 और अन्य थीम पर आयोजित डिजिटल क्विज़ और निबंध प्रतियोगिताओं में अधिक भागीदारी हुई है।

(ग) माई भारत ने सरकार और जिला कार्यकलापों को डिजिटल रूप से आयोजित करके, पंजीकरण की सुविधा प्रदान करके और सत्यापित डिजिटल प्रमाणपत्र जारी करके युवाओं, शासन और जमीनी स्तर पर भागीदारी के बीच के संबंध को सुदृढ़ किया है। एक्सपीरिएंशियल लर्निंग कार्यक्रम युवाओं को जिला और राज्य के कार्यों से जोड़ते हैं, जिसमें स्वास्थ्य जागरूकता अभियान, डाक सेवा और सड़क सुरक्षा सहायता शामिल हैं। विभागों और संस्थानों द्वारा समुदाय सेवा, शिक्षा समर्थन, पर्यावरणीय गतिविधियों, फिटनेस इवेंट और राष्ट्रीय उत्सवों से जुड़े 1.31

लाख स्वयंसेवी अवसर पोस्ट किए गए हैं। इस मंच द्वारा पंजीकरण, उपस्थिति, रिपोर्टिंग और प्रमाणन का प्रबंधन किया जाता है। युवा क्लब, स्कूल और कॉलेज इस प्रणाली का उपयोग संचालन और परिणाम अपलोड करने के लिए करते हैं, जिससे स्थानीय स्तर पर संगठित भागीदारी संभव होती है।

(घ) ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए, माई भारत के तहत स्थानीय संपर्क बिंदु के रूप में जिला माई भारत केंद्र विद्यमान हैं। ये युवाओं को पंजीकरण में मदद करते हैं और उन्हें कार्यकलापों से जोड़ते हैं। माई भारत के 54% उपयोगकर्ता ग्रामीण क्षेत्रों से हैं। शैक्षिक संस्थानों, सार्वजनिक स्थानों और युवा क्लबों में जन जागरूकता अभियान चलाए जाते हैं। डिजिटल आउटरीच के लिए स्थान-आधारित फ़िल्टर का उपयोग करके जिला और राज्य-विशिष्ट कार्यक्रमों को दर्शाया जाता है। घोषणाओं और अनुस्मारकों के लिए सोशल मीडिया का उपयोग किया जाता है।

(ङ) फिजिटल मॉडल यह सुनिश्चित करता है कि ऑनलाइन पंजीकरण के बाद वास्तविक भागीदारी की जाए। पंजीकरण करने के बाद, युवाओं को स्थान-आधारित अवसर प्राप्त होते हैं। अधिकारियों और साझेदारों द्वारा सूचीबद्ध किए गए स्वयंसेवा के अवसरों में सामुदायिक सफाई अभियान, साक्षरता अभियान, पर्यावरण अभियान और कार्यक्रम समर्थन जैसे कार्यकलाप शामिल हैं। युवा ऑनलाइन आवेदन करते हैं और कार्य को वास्तविक रूप से पूरा करते हैं और उनकी उपस्थिति और योगदान को डिजिटल रूप से सत्यापित किया जाता है। एक्सपीरिएंशियल लर्निंग कार्यक्रमों में भी यही प्रक्रिया अपनाई जाती है: कार्यों को डिजिटल रूप से देखा जाता है और उन्हें विभागों के साथ जुड़कर वास्तविक रूप से (ऑन-ग्राउंड) पूरा किया जाता है। अब तक, इस मंच पर 22,188 ईएलपी सृजित किए जा चुके हैं। बड़े कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं के लिए, प्रतिभागी पोर्टल या ऐप के माध्यम से पंजीकरण करते हैं और उनकी उपस्थिति, प्रमाणपत्र और उपलब्धियों को डिजिटल रूप से दर्ज किया जाता है।

(च) संस्थागत साझेदारी को संरचित आउटरीच के माध्यम से बढ़ाया जा रहा है। उच्च शैक्षिक संस्थानों को कार्यशालाओं, ओरिएंटेशन के माध्यम से और उन्हें ऑनबोर्डिंग में सहायता देकर जोड़ा जाता है। गैर सरकारी संगठन नशा मुक्त युवा, सामुदायिक स्वास्थ्य और सड़क सुरक्षा जैसे कार्यक्रमों में भाग लेते हैं और उनके कार्यकलापों को युवाओं की भागीदारी के लिए डिजिटाइज़ किया जाता है। एफआईसीसीआई, सीआईआई और पीएचडीसीसीआई जैसे औद्योगिक निकायों के साथ जुड़े होने के कारण मंच मेंटरशिप, इंटर्नशिप, नवाचार चुनौतियों और युवा कार्यक्रमों की पेशकश करने वाली कंपनियों को साथ लाता है।

(छ) नए इंटरैक्टिव मॉड्यूल जैसे कि क्विज़ और निबंध ने सहभागिता को बढ़ाया है। राष्ट्रीय ध्वज, संविधान दिवस, ऑडिट दिवस, आयुर्वेद, खेल और राष्ट्रीय प्रतीकों जैसे थीम पर आयोजित क्विज़ से न केवल आसान भागीदारी संभव होती है बल्कि इनसे ज्ञान का प्रसार भी होता है। निबंध प्रतियोगिताएं जैसे कि विकसित भारत युवा नेता संवाद (वीबीवाईएलडी) निबंध चुनौती, राष्ट्रीय ऑनलाइन निबंध लेखन प्रतियोगिता और सरदार@150 निबंध का आयोजन चिंतन के साथ

सहभागिता को बढ़ावा देती हैं। नवंबर 2025 तक, इस मंच पर 19 क्विज़ आयोजित किए गए हैं, जिनमें 50 लाख से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए थे और 3 निबंध प्रतियोगिताएं आयोजित की गई हैं, जिनमें 1.1 लाख से अधिक प्रविष्टियां प्राप्त हुईं।

*****